**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 05 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आव्रजन और विदेशी विधेयक-2025 को मंजूरी दे दी है। विधेयक में भारत में विदेशी नागरिकों के आव्रजन, प्रवेश और ठहरने को विनियमित करने का प्रावधान है।इस विधेयक का उद्देश्य आव्रजन कानूनों को आधुनिक बनाना है। इसमें पासपोर्ट, यात्रा दस्तावेजों, वीजा और पंजीकरण के संबंध में केंद्र सरकार को कुछ शक्तियां प्रदान करने का भी प्रावधान है।कानून के अनुसार, भारत में प्रवेश, निवास और बाहर जाने के लिए जाली पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करने पर सात वर्ष तक की कैद और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। कानून में होटल, विश्वविद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और नर्सिंग होम को विदेशियों के बारे में जानकारी देना भी अनिवार्य किया गया है। सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों और जहाजों को भारत में किसी बंदरगाह या स्थान पर नागरिक प्राधिकरण या आव्रजन अधिकारी को यात्रा तथा चालक दल की सूची, विमान, जहाज या परिवहन के अन्य साधन की अग्रिम जानकारी देना भी अनिवार्य किया गया है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिसार कृषि विश्वविद्यालय से द्वितीय प्रदेशस्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथान अभियान का शुभारंभ किया। हिसार से यह यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ भिवानी जिले में प्रवेश करेगी और 27 अप्रैल तक पूरे प्रदेश से हो कर गुजरेगी।मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल पर सवार होकर साइक्लोथॉन में शामिल हुए। इस अभियान में शामिल होने के लिए 50000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया था।

यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा --

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा संस्कृति दूध दही के सेवन की रही है, यहां नशे का कोई काम नहीं है।मुख्यमंत्री ने सभी से नवरात्रों में संकल्प लेकर इस अभियान के साथ जुड़कर के नशे को समाप्त करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि लोग नशे की तस्करी में शामिल लोगों की सूचना पोर्टल पर व टोल फ्री नंबर पर अवश्य दें ताकि उनको सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

**********************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हिसार की पवित्र भूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत की दिशामें हरियाणा को एक नई उड़ान देने के लिए आ रहे हैं ।

आज हिसार में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे

से हवाई यात्रा का शुभारंभ करेंगे।हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हिसार हवाई अड्डे पर दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उनको भी आमंत्रित करता हूं। उन्हें अपनी इस्तीफा देने की बात पर कायम रहना चाहिए।वक्फ संशोधन विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए हड़बड़ी में 2013-14 में इस कानून को जो रूप दिया, उसका नुकसान न केवल वक्फ बोर्ड को बल्कि समाज व देश को भी हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गलत कांग्रेस ने किया था उसका सुधारीकरण नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंचकूला जिले के पिंजौर स्थित कामधेनु गौशाला सेवा सदन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और इस दौरान उन्होंने गौसेवा भी की। उन्होंने कामधेनु गौशाला में गौमाता के गोबर से निर्मित कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र का लोकार्पण व गौमाता के अंतिम संस्कार केंद्र एवं नए शैड का शिलान्यास किया। उन्होंने कामधेनु गौशाला सेवा सदन को 21 लाख रूप्ये देने की घोषणा की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरियाणावासियों से प्रदेश को हरा, समृद्व व स्वच्छ हरियाणा बनाने की अपील भी की।

************************************************************************

पलवल पुलिस की अपराध शाखा ने आज 7 किलो 318 ग्राम डोडा चुरा पोस्त सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया।अपराध शाखा के प्रभारी दीपक गुलिया ने बताया कि कट्टे में रखे इस मादक पदार्थ की बरामदगी ढाबे के पास एक पंचर की दुकान से की गई। पंचर की दुकान चलाने वाले आरोपी की पहचान अपसर खान और ढाबा मालिक की कृष्ण नाम से हुई है।पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत थाना मुंडकटी में मामला दर्ज किया है।